भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

<u>श्री विपिन कुमार ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष का पदभार संभाला</u>

<u>नई दिल्ली, 28 अक्तूबर , 2024:</u> बिहार कैडर के 1996 बैच के आईएएस अधिकारी श्री विपिन कुमार ने आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस नियुक्ति से पहले, श्री कुमार भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में अपर सचिव के पद पर कार्यरत थे। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान, वे समग्र शिक्षा योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, पीएम-श्री योजना और अन्य महत्वपूर्ण कार्यभार संभाल रहे थे।

बिहार में अपनी नियुक्ति के दौरान, उन्होंने राज्य के कई जिलों में जिला मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य किया। वे बिहार पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष, बिहार दुग्ध सहकारी संघ (सुधा) के प्रबंध निदेशक और मध्याह्न भोजन योजना-बिहार के निदेशक भी रहे।

श्री कुमार इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग में स्नातक है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में अपने नए कार्यभार में, श्री कुमार विश्व स्तरीय हवाई अड्डे के अवसंरचना के विकास, अग्रणी वायु दिक्चालन सेवाओं और देश भर में शीर्ष-स्तरीय यात्री सुविधाएं प्रदान करने के भाविप्रा के संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। उनकी भूमिका माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के सपने को साकार करने की दिशा में भारतीय विमानन क्षेत्र के रोडमैप को तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगी।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया महाप्रबंधक (सीसी) से संपर्क करें: 011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 18/2024-25

PASEO